प्रथम कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026
FIRST TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2025-2026

Model Question Paper

तीसरी भाषा (Third Language)

STD. IX

हिंदी (Hindi)

Time : 90 Mts
Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

सूचना : 'फूल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लेकिन जब बच्चे ने कहा
"बापू, मुझे फूल चाहिए
फूलों की पहचान के लिए"
तो मैं चुप न रह सका
हृदय हाहाकार कर उठा-
"हाय, मैंने क्या कर दिया कि
बच्चे फूलों की पहचान से वंचित हो गए।"
मैंने प्लास्टिक के सारे फूल तोड़ डाले
और फावड़ा लेकर
अपने आँगन की मिट्टी से जूझने लगा।

1. 'वंचित होना' –से क्या तात्पर्य है? 1
   (क) खुशी होना
   (ख) गुस्सा होना
   (ग) संघर्ष होना
   (घ) अलग होना

2. बच्चे फूलों की पहचान से वंचित हो गए। क्यों? 2

3. **'प्रकृति का करो सम्मान, यही है जीवन का मान'** –का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

'प्रकृति से है हमारा जीवन, उसका संरक्षण हमारा दायित्व' -विषय पर **लघु लेख** लिखें।

सूचना : 'जब गाँधीजी की घड़ी चोरी चली गई' –लेख का यह अंश पढ़ें, 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गाँधीजी बोले "मैं आ रहा था तो रास्ते में रेलगाड़ी में किसीने मेरी घड़ी चुरा ली। वह बहुत पुरानी घड़ी थी और मुझे बहुत प्यारी थी। मैं उसे यहाँ... इस तरह... अपनी धोती में कमर से टाँगे रखता था और जब चाहे निकालकर टाइम देख लेता था।

4. गाँधीजी किससे मिलने आए थे? 1

क) पिता से ख) वायसरॉय से ग) दारोगा से घ) निर्देशक से

5. यह वाक्य पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> **वह बहुत पुरानी घड़ी थी और मुझे बहुत प्यारी थी।**

क) इस वाक्य से विशेषण शब्द ढूँढ़कर लिखें। 1

ख) **'मुझे'** –में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

6. गाँधीजी की प्रिय घड़ी चोरी चली गई। इसपर समाचार पत्र में आई **रपट** कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

गाँधीजी की प्रिय घड़ी चोरी चली गई। इस घटना पर गाँधीजी की **डायरी** लिखें।

सूचना : 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें, 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "क्या तुम उनकी बात कर रही हो जो शरीर पर से एक तरह के कपड़े उतार कर दूसरी तरह के कपड़े पहनते रहते हैं? पर वो तो केवल रात में रहने के लिए यहाँ आते हैं। उसमें भी ज़्यादातर समय सोए रहते हैं।

7. पर वो तो केवल रात में रहने के लिए यहाँ आते हैं। यहाँ **'वो'** कौन है? 1

क) शांतिदास ख) छिपकली ग) फरहाद घ) गिलहरी

8. इस कहानी के लिए 'घर' शीर्षक कहाँ तक उचित है? अपना विचार लिखें। 2

9. संकेतों की सहायता से फरहाद की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें। 4

- घर में अकेले रहने वाला
- शांत स्वभाव रखने वाला
- सहजीवियों से सहिष्णुता रखने वाला
- दिन में किताबें पढ़ने वाला
- समाचार पत्र में काम करने वाला

सूचना : 'बहुत दिनों के बाद' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

बहुत दिनों के बाद
अबकी मैंने जी भर देखी
पकी-सुनहली फ़सलों की मुस्कान
-बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अबकी मैं जी भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान
-बहुत दिनों के बाद

10. यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

कवि मेहनती ग्रामीण बालिकाओं की मधुरगीत सुन पाया।

11. वाक्य विस्तार करें। 3

(किशोरियों का, बहुत दिनों के बाद, गीत)

मैंने सुना।

सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

झटपट परेशान हो जाता और घर लौटकर माँ से शिकायत करता, "माँ, छोटा बहुत परेशान करता है।" "छोटा है न!"माँ मुस्करा देतीं, "और बड़े को तो छोटे का ध्यान रखना ही पड़ता है।"

12. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

क) माँ मुस्करा रहा है।
ख) माँ मुस्करा रहे हैं।
ग) माँ मुस्करा रही हैं।
घ) माँ मुस्करा रही हूँ।

13. उपर्युक्त प्रसंग पर माँ और झटपट की **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

स्कूल के रास्ते के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम झटपट का **पत्र** लिखें।

सूचना : 'जब गाँधीजी की घड़ी चोरी चली गई' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

गाँधीजी अपनी धोती से अच्छी तरह बदन लपेटकर उस कमरे में अपनी कुर्सी पर सिकुड़-सिमटकर बैठ गए और कुनमुनाने लगे। लॉर्ड माउण्टबेटन उनसे बड़ी-बड़ी राजनीति की बातें कर रहे थे और गाँधीजी बड़े अनमनेपन से हाँ-हूँ किए जा रहे थे।

14. क) **उदासी**-शब्द का समानार्थी शब्द खंड से चुनकर लिखें। 1

ख) 'कुनमुनाने लगे' –इसका मतलब क्या है? 1

15. पहचानकर लिखें कि कौन-सा क्रम सही है? 3

च) बकरी के दूध से बना दही	त) रूम कूलर चला दिया।
छ) श्रीमती माउण्ट बेटन को	थ) गाँधीजी का नाश्ता था।
ज) गाँधीजी के लिए	द) चाय-पार्टी का जिम्मा था।
	ध) माउण्टबेटन की बातें अच्छी लगी।

क	ख	ग	घ
च - थ छ - द ज - त	च - द छ - त ज - थ	च - थ छ - ध ज - त	च - त छ - द ज - थ

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्न 16 के उत्तर लिखें।

हर घर में

हर घर में हैं
कई-कई घर
जिनमें कबूतर, चिड़ियाँ,
छिपकलियाँ, मच्छर,
चूहे, खटमल...
रहते हैं
एक-दूसरे से स्वतंत्र
एक-दूसरे से बेपरवाह
वह घर नहीं
जिसमें कई-कई घर नहीं।

-विष्णु नागर

खटमल = മൂട്ടകൾ, बेपरवाह = ശ്രദ്ധിക്കാതെ

16. कवितांश का **आशय** लिखें। 4